wagadsandesh.com

वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-18 सागवाड़ा, रविवार, 12 सितम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

गामड़ी अहाड़ा के आमलिया फला तिराहे से भगोरा फला कच्चे मार्ग पर आज तक नही बनी सड़क

गामड़ी अहाड़ा। जिले की बिछीवाड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गामड़ी अहाड़ा स्थित भगोरा फला रोड आज तक नही बन पाई है,लोग कीचड़ से भरे गड्डो में से गुजर रहे है। कई बार प्रशासन और ग्राम पंचायत के नुमाइंदों को अवगत करवाने के बाद भी कोई सुनवाई नही होने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इधर बरसात के मौसम में स्थानीय निवासियों की स्थिति आवागमन की दृष्टि और दयनीय हो चली है।

रविवार को भगोरा फला बस्ती के सैकड़ो लोग स्वयं रोड पर आकर कीचड़ हटाने का जतन करने लगे। वार्डपंच दिलीप कोपसा ने बताया कि इस रोड को बनाने की मांग कई वर्षों से चल रही हैं। पहले विधायक को भी अवगत करवाया था। उन्होंने रोड बनवाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को पत्र लिखा,लेकिन ये रोड विभाग के अधीन नही है। ऐसे में इसका निर्माण ग्राम पंचायत के तहत हो सकता है।

इनका कहना है

आमूलवा तीन रास्ते से ओड़ा सीमा सड़क वाया भगोरा फला वर्तमान में पीडब्ल्यूडी के अधीन नही है। क्योंकि जनसंख्या के अनुसार सड़क के डामरीकरण के लिए कम से कम 250 घरों की बस्ती होनी चाहिए। या फिर नए जनगणना के आंकड़े आने के बाद हो सकता है। कुछ समय पहले हमसे डाटा मांगा गया था तो हमने इस रोड के कनेक्ट नही होने और इसे बनाये जाने का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। फिर भी जनसंख्या तथा आवास के आंकड़ों के अनुसार इस सड़क को जोड़ने के लिए उच्चाधिकारियों से बात करेंगे।

-हरीश रोत, एईएन,पीडब्ल्यूडी,डूंगरपुर।

आमूलवा तीन रास्ते से ओड़ा सीमा तक इस कच्ची सड़क की दयनीय हालत से मैं अच्छी तरह वाकिफ हूं। और अक्सर मुझे भी इसी मार्ग से जाना पड़ता है। और इसे बनाने को लेकर साल भर से प्रयासरत हूं। इसकी एक सेंक्शन पहले से ही ग्राम पंचायत में ले रखी है। एक बार ग्रामीणों को ग्रेवल डाल कर राहत दे देते है,और बरसात रुकते ही इसे आरसीसी सड़क के रूप में बनवा दिया जाएगा।

-अरविंद खराड़ी, ग्राम विकास अधिकारी,

24 घंटे से घर से लापता 12वी की छात्रा का नाले में डूबा मिला शव, कुछ दूर मिली बाइक, पिता बोले

हत्या कर शव नाले में फैकने का आरोप

डूंगरपुर। घर में खाना खाकर सोई एक 12वी कक्षा की छात्रा अचानक घर से लापता हो गई और 24 घंटे बाद बरसाती नाले में उसका शव पानी में डूबा हुआ मिला। नाले में ही कुछ दूरी पर एक बाइक भी लावारिस हालत में मिली है। छात्रा के पिता ने उसकी बेटी की हत्या कर शव को नाले में फैकने का आरोप लगाते हुए एक युवक पर संदेह जताया है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौरासी झोथरी थानाधिकारी बंशीलाल पटेल ने बताया कि शांतिलाल रोत निवासी सुराता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया है कि उसकी बेटी ट्विंकल रोत (17 वर्ष) 12वी कक्षा की छात्रा है। 10 सितंबर को घर पर खाना खाने के बाद वह दूसरे कमरे में जाकर सो गई। दूसरे दिन शनिवार को पिता शांतिलाल उठे और देखा तो बेटी ट्विंकल खांट पर नहीं थी, जिस पर उन्होंने आसपास तलाश शुरू कर दी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। परिवार के लोगों ने शनिवार को दिनभर उनके रिश्तेदारो व मिलने वालों के यहां खोजबीन की, लेकिन ट्विंकल का कोई पता नहीं लग सका।

रविवार सुबह कुछ लोगों ने वासुवा गांव के पास एक बरसाती नाले में एक किशोरी का शव पड़ा हुआ देखा। इसके बाद गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर थानाधिकारी बंशीलाल मय जाब्ता मौके पर पंहुचे। शव को नाले से बाहर निकाला। नाले के आसपास ढूंढा तो कुछ ही दूरी पर नाले में एक बाइक लावारिस हालात में मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

सूचना पर सुराता निवासी शांतिलाल रोत भी मौके पर पंहुचे और शव की पहचान अपनी बेटी ट्विंकल के रूप में की गई। इसके बाद शव को नाले से बाहर निकालकर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। ट्विंकल के पिता शांतिलाल ने उसकी बेटी का अपहरण कर हत्या करने और फिर शव को नाले में फैंकने के आरोप लगाएं है। इसे लेकर वासुवा गांव के राजू पर संदेह जताया है,

आसपुर के एक चार्टेड अकाउंटेंट ने अपने जन्मदिन पर मौत को गले लगा लिया

आसपुर।

डूंगरपुर जिले के आसपुर थाना क्षेत्र के आसपुर कस्बे में एक चार्टेड अकाउंटेंट ने अपने जन्मदिन के पर मौत को गले लगा लिया। अपने ही घर मे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने के बाद पूरे कस्बे में सनसनी फैल गई।आसपुर थाना पुलिस के अनुसार मनीष सिंधी उम्र 27 वर्ष निवासी आसपुर चार्टेड अकाउंटेंट है। मनीष का आज रविवार को जन्मदिन भी है। परिवार के लोग गुजरात के बड़ौदा गए हुए थे और मनीष घर पर अकेला था।

इसी दौरान आज रात को मनीष ने अपने घर मे रस्सी से फंखे पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह उनके घर काम करने के लिए आने वाली महिला आई तो दरवाजा नहीं खोला, जिस पर उसने पड़ोसियों को बुलाया और दरवाजा खोला तो उसका शव फंदे पर लटका देखकर होश उड़ गए। घटना की सूचना पर आसपुर थाना पुलिस भी मौके पर पंहुच गई और शव को नीचे उतारा। घटना की सूचना बड़ौदा में उसके परिजनों को भी दे दी गई है।

रातडिया में घुसे मगरमच्छ को रेस्क्यू किया

गड़ाजसराजपुर। रातडिया गांव में बीती रात करीब 2 बजे मगरमच्छ आने से लोगों में हड़कंप मच गया। रातडिया सरपंच विक्रम ने मगरमच्छ की सूचना दी समाजसेवी गलियाकोट निवासी उपसरपंच हारुण बादशाह को दूरभाष पर दी। बादशाह तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मगरमच्छ को रेस्क्यू कर सुरक्षित छोड़ा गया।

मगरमच्छ को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। मगरमच्छ 9 फिट लंबा व 110 किलो वजनी था। रातडीया गांव में अपने प्रयास से अपनी टिम के साथ मगरमच्छ रेस्क्यू किया व उनके साथ शाहजहां शेख़, तबरेज शेख़, जितेन्द्र खाट, शायान पठान, ताहा व सब्बीर का भी सहयोग रहा।

राम देव मन्दिर में नेजा चढ़ाई व शोभायात्रा निकाली

गैंजी। यादव बस्ती में पीरों के पीर रामापीर और बाबा रामदेव के जयकारों के साथ रविवार को यादव बस्ती में बने बाबा रामदेव मंदिर पर कोंदर लाल यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नेजा चढ़ाई गई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। बाबा रामदेव मंदिर पर ध्वज, सतरंगी नेजा चढ़ाने के लिए श्रद्धालु देर रात तक पहुंचते रहे एवं पारस दास जी के नेतृत्व में संत संग का आयोजन किया गया। रविवार सुबह गांव में शोभायात्रा निकाली गई। यहां साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। जहां अन्य धर्मों के श्रद्धालु भी मंदिर पहुंचे। कार्यक्रम कार्यक्रम के दौरान अनिल जैन, मुकेश भोई, विमल प्रकाश, जीवाराम, गटू, जगदीश, मोहन, नाथु, मगन लाल, छगन लाल, नारायण लाल, दलजी, रामा, गोमना, अमृत लाल, पोपटलाल, गलाप, रमीला, पूंजी लाल आदि उपस्थित रहे।

प्रह्लादसिंह दुसरी बार महासभा संस्थान के अध्यक्ष

सागवाड़ा। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित वागड़ राजपूत सभा भवन में वागड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान की ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव में दूसरी बार प्रह्लाद सिंह चौहान चिबुडा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया। चुनाव प्रभारी जिलाध्यक्ष प्रतापसिंह भेखरेड, महामंत्री वीरभद्रसिंह मांडव, लक्ष्मणसिंह सरमरिया ओड़ा, रघुवीर सिंह उबली के मार्गदर्शन में हुए चुनाव में महामंत्री फतेहसिंह घोड़ापला तथा कोषाध्यक्ष अमरसिंह चौहान ओबरी को मनोनीत किया। चौहान ने कहा कि समूचे समाज को साथ में लेकर चलने का दायित्व समाज ने दिया है जिसका वह पूर्णतया पालन करेंगे । इस दौरान चंद्रवीर सिंह रातड़िया, ईश्वर सिंह वाडा कुंडली मौजूद थे।

साबेला बायपास पर एक किराणा केबिन में फिर हुई चोरी

डूंगरपुर।

डूंगरपुर। शहर में चोर चुस्त ओर पुलिस सुस्त नजर आ रही है। साबेला बायपास पर एक किराणा केबिन में चोरी की 3 वारदातों का कोतवाली पुलिस अभी तक खुलासा भी नही कर पाई वही चोरों ने आज फिर से उसी किराणा केबिन को अपना निशाना बना डाला।चोर किराणा केबिन से 5 से 6 हजार का सामान चुराकर ले गए। किराणा केबिन संचालक रविन्द्र ने बताया की बीती रात चोर उसके केबिन की पीछे का हिस्सा काटकर केबिन में रखे 5 से 6 हजार का सामान चुराकर ले गए।

पीड़ित ने बताया की पिछले 2 माह में चोरो ने उनके केबिन को चौथी बार निशाना बनाया है। इससे पहले 30अगस्त को चोरों ने केबिन को निशाना बनाते हुए 5 हजार की नगद राशि व 5 हजार का सामान चुराया था।

पीड़ित ने कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए उसने कहा कि हर बार पुलिस को रिपोट देते है लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नही करती है। इधर आगे कार्रवाई की उम्मीद से पीड़ित ने कोतवाली थाने में पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हथाई में पर्युषण महापर्व के तहत पंचामृत अभिषेक व शांति धारा की गई

हथाई।

श्री मुनिसुव्रत नाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र हथाई में पर्युषण महापर्व के तीसरे दिन आचार्य शांतिसागर महाराज (छाणी) परंपरा के पट्टाचार्य आचार्य 108 श्री समता सागर जी महाराज के सानिध्य में पंचामृत अभिषेक व शांति धारा की गई। समाज के सेठ सिंघवी सुधीर कुमार जैन ने बताया कि आचार्य ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तम आर्जव धर्म जैन धर्म ही नहीं बल्कि व्यापार चलाने का एक साधन भी है। व्यक्ति वचन से कुछ और बोलता है और मन में कुछ और भाव रखता है एवं तन से कुछ और कहता करता है यही मायाचारी का प्रदर्शन है । मायाचारी छोड़ना ही उत्तम आर्जव धर्म होता है व्यक्ति को जो मन में है, वही वचन से बोलना चाहिए, उसी के अनुरूप कार्य करना चाहिए। सभी धर्मों के नियम आर्जव धर्म पर ही टिके हुए होते हैं जो शास्त्र में लिखा है एवं जो धर्म में है उसी के अनुसार सभी नियमों का पालन करना आर्जव धर्म है। इस दौरान समाज के अध्यक्ष राजेंद्र सिंघवी,उपाध्यक्ष कांतिलाल गांधी, महामंत्री सूरजमल गांधी, छबिलाल गांधी, मणिलाल गांधी, ललित गांधी, नानालाल एस गाँधी, नानालाल एम गांधी, महिपाल गांधी, देवेंद्र गांधी, वीरप्रकाश भंवरा, महेंद्र सिंघवी, सुरेंद्र गांधी, पंकज गांधी, पवन गाँधी, विपुल सिंघवी,प्रवीण भंवरा, नीलेश गांधी, रजनीश गांधी,अंकित गांधी, अर्पित गांधी आदि समाज जन उपस्थित थे।

पर्युषण पर्व बहुत ही उत्साह के साथ मनाया

सागवाड़ा। पुनर्वास कॉलोनी के विमलनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पर्यूषण पर्व को लेकर विमलनाथ मंदिर की भव्य साज-सज्जा की गई है। रविवार को पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन आचार्य गुरुदेव कनकनन्दी ससंघ के सानिध्य में उत्तम आर्जव धर्म के रूप में मनाया गया। सुबह में विमलनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा की गई। पर्युषण पर्व में13 द्वीप मंडल विधान का आयोजन किया गया है। मंडल विधान पूजा का लाभ मनोज पंचोरी परिवार ने लिया

समाज अध्यक्ष नगीन शाह ने आगामी कार्यक्रम के बारे में समाज को अवगत कराया। समाज के उपाध्यक्ष मनोज गलालिया ने बताया कि शाम को आचार्य कनकनंदी गुरुदेव के सानिध्य में प्रतिक्रमण किया गया व रात को महाआरती के बाद भव्य गरबा का आयोजन किया गया।

श्रीगौड़ समाज छांसठ चोखला की ओर से PRE REET परीक्षा के रूप में मार्गदर्शन शाला का आयोजन

सागवाड़ा। श्रीगौड़ समाज छांसठ चोखला की कैरियर गाइडेन्स टीम की ओर से बरबोदनिया गांव में PRE REET परीक्षा के रूप में मार्गदर्शन शाला का आयोजन किया गया। समन्वयक बसन्त एकोत ने बताया कि गामोठवाड़ा, लिमडी, घोटाद, घाटा, पारडा डेचा, बरबोदनिया गांवों से द्यद्द1द्दद्य 01 एवम द्यद्द1द्दद्य 02 विज्ञान एवम सामाजिक अध्ययन के कुल 61 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दी। मार्गदर्शक मंडल के हरिप्रसाद शर्मा, विष्णु एकोत,गणेश पुंजोत, सुरेश गामोट, भरत भट्ट, राधेश्याम जोशी,नकुल त्रिवेदी, भवानीशंकर लोवोत,कमलेश पुंजोत आदि ने परीक्षा सम्बन्धित मार्गदर्शन दिया। ललित पुंजोत एवम कैलाश जी फलोत ने समस्त प्रतिभागियों हेतु जलपान की व्यवस्था की।समाज के मुंबई में कार्यरत एक युवा ने 6 हजार के पुरस्कार दिये।

प्रश्न पत्र निर्माण में हर्षद त्रिवेदी,नवीन लोवोत,दीप्ति जोशी, प्रदीप एकोत, कमलेश फलोत, हेमेश पुंजोत आदि ने सहयोग किया।

ग्राम प्रभारी जितेंद्र भट्ट, दिनेश जोशी,सन्दीप लोवोत,नन्द किशोर शर्मा,ललित दवे, प्रतीक जोशी ने रेजिस्ट्रेशन सम्बन्धी कार्य किया । कार्यशाला में विपिन पुंजोत, प्रवीणा जोशी, नवीन पुंजोत, विनय पुंजोत, राजन जोशी,जितेंद्र सरियोत,विपिन भगत,दिनेश भगत,उत्तम एकोत ,हितेश भट्ट , प्रतीक पुंजोत ,ग्लोबल टेक फर्म आदि ने आवश्यक सहयोग किया।

राजभोई समाज डूंगरपुर की नई कार्यकारिणी हुआ गठन

डूंगरपुर। राजभोई समाज डूंगरपुर के समाज अध्यक्ष के लिए रविवार को भोई समाज के नोहरे परिसर में आयोजित हुई बैठक। बैठक में सर्व सम्मति से राजेश राठौड़ को समाज के अध्यक्ष के रुप मे मनोनीत किया गया। वही उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक भोई व जितेंद्र भोई, सचिव पद पर राजेश भोई, कोषाध्यक्ष पद के लिए भावेश भोई व अमित भोई को सर्व सम्मति से समाज जनों ने मनोनीत किया। बैठक में नवयुवक मंडल के अध्यक्ष पद के लिए भी सर्व सम्मति से भावेश भोई मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित समाज अध्यक्ष ने राजेश राठौड़ में बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज को समाजजनों के कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर समाज के अभी लोगो ने नई कार्यकारिणी के सदस्यो को स्वागत किया।

गंधवा और गैंजी में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में उमड़े रोगी

रामसौर। डीबीसीएस जिला अंधत्व निवारण समिति अरावल्ली एवं श्री जलाराम आरोग्य सेवा ट्रस्ट अस्पताल मेघराज के सहयोग से रविवार को महिला मंडल समिति गैंजी के तत्वावधान में गंधवा एवं गैंजी में एक दिवसीय नि:शुल्क आंखों की जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में गंधवा में 150 रोगियों की जांच की गई जिसमें से 40 को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया। वहीं गैंजी में 55 रोगियों की जांच की जिसमें से 20 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन है तु चिन्हित किया।

सागवाड़ा में एक निजी बस में युवक का शव मिला

सागवाड़ा। डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा थाना क्षेत्र में एक निजी बस में युवक का शव मिला । बस कंडक्टर केसरीमल बारोड़ ने सागवाड़ा पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया हे कि मुंबई से सागवाड़ा रुट पर चलने वाली निजी बस में रोहन वाड़ा पाड़वा निवासी अमरा पुत्र नागा रोत रात को विटी मुम्बई से बस में सवार हुआ था। सुबह सरथुना हाईवे पर चाय नास्ते के लिए बस रुकी तो पास की सिट पर बैठे कोपडा निवासी महेंद्र ने उसे उठाया तो वह नहीं उठा, जिसके बाद महेंद्र ने जिसकी सुचना बस कंडक्टर को दी। तब यूवक की मोत हो गई थी। जिसके बाद बस सागवाड़ा पहुची ओर बस कंडक्टर ने पुलिस को सुचना दी, पुलिस ने मृतक के परिजनों को सुचना देकर शव को सागवाड़ा राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया, जहा है। मृतक पोस्टमार्टम हुआ ।

वागदरी में आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय में नेत्र चिकित्सा शिविर हुआ

डूंगरपुर। जिले के वागदरी में स्थित आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय में जनसेवा मण्डल एवं जिला अंधता निवारण समिति की ओर से आज समाजसेवी स्व.मोहनलाल ठठेरा की स्मृति में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आज समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला रहे वही अध्यक्षता बीआरकेजीबी के प्रबंधक राजकुमार कंसारा ने की।

मुख्यमंत्री विकास कोष से वागड़ के तीर्थ गौरेश्वर का होगा कायाकल्प - खोडनिया

दीवड़ा बड़ा स्थित गोरेश्वर तीर्थ के विकास को लेकर हुई बैठक

सागवाड़ा।

गौरेश्वर तीर्थ का सुनियोजित विकास हो उसके लिए आज दिनांक 12 सितंबर को गोरेश्वर विकास समिति कि बैठक पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की मौजूदगी में हुई।श्रावण मास के अंतिम सोमवार को नदी के घाट पर होने वाली महा आरती में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश खोड़निया के द्वारा दर्शनार्थियों की उपस्थिति में गौरेश्वर धाम के विकास के लिए 5 करोड़ की घोषणा की गई थी। इसी के तहत रविवार को एक बैठक का आयोजन कर रूपरेखा बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर पालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने कहा कि अब गोरेश्वर में आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए समस्त प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी। वागड़ के दीवड़ा बड़ा स्थित गौरेश्वर तीर्थ बहुत ही जल्दी विकास की रफ्तार पकड़ेगा। मुख्यमंत्री कोष से मिलने वाली राशि 5 करोड गौरेश्वर के विकास में लगेगी गुणवत्ता युक्त कार्य किया जाएगा । बैठक में आदिश खोडनिया, भरत भट्ट , जेठाना उपसरपंच धीरज मेहता, अतुल सरगिया, कपिल सुथार एवं आर्किटेक्ट सौरव ने बैठक की तीर्थ क्षेत्र के तीव्र विकास के लिए विकास समिति के सदस्यों से किस तरह का विकास किया जाए उसकी रूपरेखा तैयार की। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के विकास में सत्संग पांडाल, एनीकट, विश्राम घर, बाग बगीचे आकर्षक मुख्य गेट, पार्किंग स्थलके निर्माण की बात रखी। भरत भट्ट ने कहा की राजनीति से परे हटकर क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट रहना है। आदिश खोड़निया ने कहा कि महाआरती में आना एक अद्भुत अनुभव था श्रद्धालुओं की संख्या से मैं पूरी तरह से अभिभूत था।

संचालन दीपक जोशी ने किया। नारायण पंड्या ने स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष लालजी पाटीदार ने आभार जताया । कार्यक्रम में शिवराम पाटीदार, गौतम पाटीदार, विनोद पंड्या, मनोज पाटीदार, वेलजी पाटीदार, देवीलाल पाटीदार, जगदीश पाटीदार, ललित पंड्या, मणिलाल जोशी, प्रकाश श्रीमाली मौजूद थे।

बैठक को संबोधित करते नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया।

पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई तो नगरपालिका ने 10 हजार लीटर पानी पहुंचाया

पुनर्वास कालोनी के वार्ड 6 और 7 में पानी पहुंचाकर लोगों को दी राहत

सागवाड़ा। नगरपालिका सागवाड़ा की ओर से रविवार को पुनर्वास कालोनी में पानी की सप्लाई की गई। नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया के निर्देश पर पालिका प्रशासन ने दोनों वार्डों में टेंकर से पानी की सप्लाई कर लोगों को राहत दी। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि पुनर्वास कालोनी के दोनों वार्डों में करीब 10 हजार लीटर पानी की सप्लाई की गई। खोडनिया ने बताया कि पिछले 4 दिन पूर्व आकाशीय बिजली गिरने से जलदाय विभाग की पाइप लाइन टूट गई थी। जिससे पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही थी। लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। पानी की भारी समस्या उत्पन्न होने के कारण नगर पालिका ने पेयजल सप्लाई की जिम्मेदारी ली थी। पुनर्वास कालोनी के वार्ड नंबर 6सोनी मोहल्ला, कंसारा चौक, विनोद के घर के पास, दीपक उपाध्याय के घर के पास और वार्ड 7 में पानी की समस्या हो रही थी। वार्ड नंबर 7 के पार्षद भरत कुमार जोशी ने पालिका अध्यक्ष खोडनिया को इसकी जानकारी दी।. पालिका अध्यक्ष समस्या का त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर पालिका सागवाड़ा से पीने के पानी हेतु टैंकर की व्यवस्था करवाई गई।